भारत सरकार

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4270

मंगलवार 13 दिसम्बर, 2019 को उत्तर देने के लिए

शोध कार्य हेतु अनुदान

4270. एडवोकेट ए.एम.आरिफ:

क्या विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार प्रत्येक क्षेत्र में शोध कार्य हेतु अनुदान प्रदान करने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त पहल के तहत सरकार के पास कई प्रस्ताव लंबित हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री और पृथ्वी विज्ञान मंत्री

(डाहर्ष वर्धन .)

(क) और जी :(ख), हां। सरकार अंतरणीय अनुसंधान हेतु नव ज्ञान अथवा क्षमता के सृजन पर बल देते हुए विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, गणित, चिकित्सा और अंतर्विषयक क्षेत्रों की सभी शाखाओं में मूलभूत और अनुप्रयुक्त अनुसंधान में शोध कार्य के लिए पहले से ही अनुदान प्रदान कर रही है । विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने, सरकार के राष्ट्रीय एजेंडा मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत आदि में इस अनुसंधान कार्य को शामिल करने पर विशेष ध्यान दिया है । देशभर में व्यष्टि वैज्ञानिक अथवा वैज्ञानिकों के समूह और विभिन्न संस्थाओंअनुसंधान और :अभिकरणों को प्रमुखत/ विकास प्रोजेक्टों, अनुसंधान अध्येतावृतियों, स्टार्टअप अनुसंधान-, एस एंड टी अवसंरचना निधि आदि के रूप में अनुसंधान कार्य हेतु अनुदान दिया जाता है।

:(ग) जी, नहीं ।

:(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

****